रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

Test Date	06/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 दो इनलेट पाइप A और B एक कुंड को क्रमशः 20 घंटे और 15 घंटे में भर सकते हैं। आउटलेट के रूप में कार्य करने वाला एक तीसरा पाइप C, पूर्ण रूप से भरे कुंड को 30 घंटे में खाली कर सकता है। तीनों पाइपों को खाली कुंड में एक साथ खोल दिया जाता है। 4 घंटे बाद, पाइप B बंद कर दिया जाता है। उसके 2 घंटे बाद, पाइप A को भी बंद कर दिया जाता है, जबकि पाइप C कुंड खाली होने तक अकेले ही चालू रहता है। वह अवधि ज्ञात कीजिए जब तक पाइप C अकेले चालू रहता है।

Ans A). 10 घंटे B). 12 घंटे C). 13 घंटे D). 11 घंटे

Correct Answer: D

Q.2 एक धनराशि 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश की जाती है, जहाँ ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि केवल अंतिम छमाही में अर्जित ब्याज ₹5,324 है, तो मूलधन कितना था?

Ans A). ₹50,000 B). ₹55,000 C). ₹45,000 D). ₹40,000

Correct Answer: D

Q.3 7 अंकों की संख्या 5A931B6, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3 B). 2 C). 5 D). 0

Correct Answer: D

Q.4 16 और 12.25 के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14.5 B). 14 C). 13.5 D). 14.75

Correct Answer: B

Q.5 यदि किसी वर्ग की भुजा (10x - 6) cm है, तो वर्ग का क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना है?

Ans A). $100x^2 + 60x + 36$ B). $100x^2 + 60x - 36$ C). $100x^2 - 120x + 36$ D). $100x^2 - 120x - 36$

Correct Answer: C

Q.6 एक ठोस गोले को पिघलाकर 343 एकसमान छोटे गोलों में ढाला जाता है, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 1 cm है। मूल गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9 cm B). 8 cm C). 6 cm D). 7 cm

Correct Answer: D

Q.7 तीन दोस्त - अर्जुन, कबीर, और नेहा एक बाड़ को क्रमशः 12 घंटे, 6 घंटे, और 4 घंटे में पेंट कर सकते हैं। यदि वे साथ मिलकर काम करें, तो उन्हें बाड़ पेंट करने में कितना समय लगेगा?

Ans A). 3 घंटे B). 1 घंटा C). 2 घंटे D). 4 घंटे

Correct Answer: C

Q.8 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 4 वर्ष के लिए निवेश करता है। 4 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 72300 B). 13800 C). 71300 D). 14800

Correct Answer: C

Q.9 राम ₹2,850 में एक घड़ी खरीदता है और उसे 5% लाभ पर बेच देता है। घड़ी का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹2,924.60 B). ₹2,982.70 C). ₹2,992.50 D). ₹2,938.80

Correct Answer: C

Q.10 किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹5,000 है। दुकानदार अंकित मूल्य पर 10% और x% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि अंकित मूल्य और अंतिम विक्रय मूल्य का अनुपात 25 : 19 है, तो x का मान कितना होगा? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). 16 B). 12 C). 14 D). 18

Correct Answer: A

Q.11 1152 m की वृत्तीय रेस में, अमित 36 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और सुमित 72 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे एक ही दिशा में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने अलग-अलग मिलन बिंदु (meeting points) होंगे?

Ans A). 8 B). 1 C). 2 D). 11

Correct Answer: B

Q.12 किसी आयत में, एक विकर्ण उसकी एक भुजा पर 35° के कोण पर आनत है। इसके दोनों विकर्णों के बीच के न्यून कोण की माप ज्ञात कीजिए।

Ans A). 55° B). 35° C). 70° D). 63°

Correct Answer: C

Q.13 किसी बंटन के लिए, आनुभविक संबंध (empirical relation), बहुलक = 3×माध्यिका − 2×माध्य है। यदि माध्य और माध्यिका, 20 ≤ माध्य ≤ 25 और 20 ≤ माध्यिका ≤ 25, को संतुष्ट करते हैं, तो बहुलक का संभावित परिसर ज्ञात कीजिए।

Ans A). $10 \leq$ बहुलक ≤ 35 B). $10 \leq$ बहुलक ≤ 30 C). $20 \leq$ बहुलक ≤ 30 D). $25 \leq$ बहुलक ≤ 40

Correct Answer: A

Q.14 आज से नौ वर्ष पूर्व, आकाश की आयु प्रकाश की आयु की 9 गुना थी। आज से 9 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय प्रकाश की आयु की 3 गुना होगी। आकाश की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 63 B). 66 C). 62 D). 64

Correct Answer: A

Q.15 एक परीक्षा में, वर्ग A के 16 विद्यार्थियों (50 में से) के प्राप्तांक 33, 41, 56, 51, 53, 46, 49, 41, 45, 56, 51, 49, 46, 41, 53, 33 हैं और वर्ग B के 13 विद्यार्थियों (50 में से) के प्राप्तांक 47, 54, 42, 50, 47, 39, 42, 52, 56, 49, 54, 39, 47 हैं। वर्ग B और वर्ग A के बहुलक के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5 B). 7 C). 10 D). 6

Correct Answer: D

Q.16 किसी वस्तु के क्रय मूल्य में 10% की वृद्धि होती है, और दुकानदार वस्तु को बेचकर इस बढ़े हुए क्रय मूल्य पर 15% का लाभ अर्जित करता है। यदि मूल क्रय मूल्य ₹400 था, तो नया विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 498 B). 512 C). 482 D). 506

Correct Answer: D

Q.17 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 125 है। रविवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 100 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 175 है, तो शनिवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans A). 451 B). 456 C). 455 D). 457

Correct Answer: C

Q.18 1 से 30 तक की कितनी संख्याएं 30 के साथ सह-अभाज्य हैं?

Ans A). 12 B). 10 C). 6 D). 8

Correct Answer: D

Q.19 ₹6300 की राशि पर 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से, 2 वर्ष में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans A). ₹8564 B). ₹8675 C). ₹8769 D). ₹9072

Correct Answer: D

Q.20 यदि k का 20%, 10 के 3000% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1410 B). 1450 C). 1490 D). 1430

Correct Answer: B

Q.21 यदि θ प्रथम चतुर्थांश में स्थित है और $\sec^2\theta + \cos^2\theta = 2$ है, तो $\frac{14\cos\theta}{5\cos^2\theta - 3\cos\theta + 5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 B). −1 C). 0 D). 8

Correct Answer: A

Q.22 माना कि C और D क्रमशः 16 cm और 9 cm त्रिज्या वाले दो वृत्तों के केंद्र हैं, और केंद्रों के बीच की दूरी 25 cm है। उभयनिष्ठ अनुस्पर्श रेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 24 cm B). 26 cm C). 25 cm D). 23 cm

Correct Answer: A

Q.23 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{2 + \tan^2\theta + \cot^2\theta}{\sec\theta \operatorname{cosec}\theta}$$

Ans A). $\sin\theta + \cos\theta$ B). $\sin\theta \cos\theta$ C). $\sec\theta + \operatorname{cosec}\theta$ D). $\sec\theta \operatorname{cosec}\theta$

Correct Answer: D

Q.24 सीमा स्कूटर द्वारा $\frac{25}{3}$ m/s की चाल से अपने कार्यालय जाती है और 0.1 घंटा पूर्व पहुंच जाती है। यदि वह 24 Km/hr की चाल से जाती है, तो उसे कार्यालय पहुंचने में 5 मिनट का विलंब होता है। उसके कार्यालय की दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 20 B). 24 C). 26 D). 22

Correct Answer: D

Q.25 G और H ने ₹7000 और ₹9000 के निवेश के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। 4 महीने पश्चात, G ने ₹2000 और H ने ₹3000 निकाल लिए। यदि वर्ष के अंत में ₹3800 लाभ प्राप्त होता है, तो G को कितनी राशि प्राप्त होगी?

Ans A). ₹1980 B). ₹1900 C). ₹1678 D). ₹1700

Correct Answer: D

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 एक निश्चित कूट भाषा में, 'drum soup tap' को 'yw dd xx' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'soup chin visit' को 'yg xy dd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'soup' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). dd B). yw C). xx D). yg

Correct Answer: A

Q.27 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन आते हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर तय कीजिए।

प्रश्न:
पाँच मित्र – गौतम, हिरल, इवान, जीविका और केशव – अलग-अलग आयु के हैं। सबसे छोटा कौन है?

कथन:
(I) गौतम, हिरल से बड़ा है लेकिन जीविका से छोटा है।
(II) हिरल, इवान से बड़ा है, और केशव, गौतम से बड़ा है।

Ans A). कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

B). कथन I और II दोनों (और अकेले कथन I या कथन II नहीं) मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

C). कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं। D). कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: B

Q.28 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 14 59 240 965 ?

Ans A). 4110 B). 3976 C). 3866 D). 3444

Correct Answer: C

Q.29 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।
संख्या/प्रतीक $ 5 @ 8 + 3 % 1 ^ 6

कूट F I L O R U X Z C E
शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को A के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?
5 % ^ 6 8

Ans A). A X C E A B). I X X E O C). A X C A E D). O X C E I

Correct Answer: A

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
BDF, EGI, HJL, KMO, ?

Ans A). NPR B). MQO C). OPS D). NQS

Correct Answer: A

Q.31 C, T का पिता है। T, N का भाई है। M, X का पिता है। X, N का पुत्र है। M का C से क्या संबंध है?

Ans A). पति B). पत्नी का भाई C). बहन का पति D). पुत्री का पति

Correct Answer: D

Q.32 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I Y @ J Y C * A # & K S P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद एक व्यंजन भी है?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.33 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. Y की लंबाई केवल दो खंभों की लंबाई से अधिक है। G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है लेकिन K की लंबाई से कम है।
II. W की लंबाई, O की लंबाई से अधिक है।

Ans A). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।

B). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: A

Q.34 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक रखा गया है, परंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। F के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और D के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के ऊपर केवल A को रखा गया है। E को G के नीचे किसी स्थान पर और C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). 1 B). 2 C). 4 D). 3

Correct Answer: C

Q.35 सात व्यक्ति C, F, G, M, N, Q और X उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F के बाईं ओर एक भी व्यक्ति नहीं बैठा है। F और C के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। N के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 4 B). 1 C). 3 D). 2

Correct Answer: C

Q.36 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). MN - QR B). WX - YZ C). ST - WX D). KL - OP

Correct Answer: B

Q.37 यदि संख्या 9236478 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से तीसरा होगा?

Ans A). 3 B). 8 C). 2 D). 7

Correct Answer: C

Q.38 KNIFERS शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में, बाएं से दूसरे अक्षर और दाएं से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 8 B). 7 C). 10 D). 6

Correct Answer: B

Q.39 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). NLH B). WVQ C). BZV D). ZXT

Correct Answer: B

Q.40 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

$2 \div 3 + 15 \times 5 - 19 = ?$

Ans A). 27 B). 23 C). 25 D). 22

Correct Answer: D

Q.41 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
14 B 2 D 10 A 5 C 12 = ?

Ans A). 39 B). 40 C). 36 D). 38

Correct Answer: D

Q.42 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) V W I O K U Y H B R F V D X W Z L O Y N K H V N (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

Correct Answer: B

Q.43 यदि GARDEN शब्द के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के उल्टे क्रम में व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षर मूल शब्द के समान उसी स्थान पर रहते हैं?

Ans A). दो B). एक C). एक भी नहीं D). तीन

Correct Answer: C

Q.44 मनोज बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 12 km ड्राइव करता है, फिर से दाएँ मुड़कर 17 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़कर 21 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 10 km उत्तर की ओर B). 9 km उत्तर की ओर C). 10 km दक्षिण की ओर D). 9 km दक्षिण की ओर

Correct Answer: D

Q.45 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
LOR−QTW
ORU−TWZ

Ans A). NQT−SVY B). NPR−RUX C). NQT−RVX D). NPR−SVY

Correct Answer: A

Q.46 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 18 का संबंध 112 से है। उसी तर्क के अनुसार, 13 का संबंध 82 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 74 B). 125 C). 172 D). 100

Correct Answer: D

Q.47 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

15 24 31 40 47 56 ?

Ans A). 75 B). 63 C). 65 D). 73

Correct Answer: B

Q.48 सात बक्से M, N, O, P, S, T और U एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। U के नीचे केवल दो बक्से रखे गए हैं। M के ऊपर केवल एक बक्सा रखा गया है। M और N के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। S को P के ठीक ऊपर रखा गया है। T को O के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है।
O और S के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans A). एक B). तीन C). दो D). चार

Correct Answer: D

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BOTH' को '9754' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'OATH' को '7294' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 9 B). 4 C). 5 D). 2

Correct Answer: D

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, IEDZ का संबंध VRQM से है। उसी तरह, ZVUQ का संबंध MIHD से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, OKJF निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). BXVS B). BXWS C). BYVC D). BWVS

Correct Answer: B

Section : **General Science**

Q.51 न्यूरॉन का कौन-सा भाग, अन्य न्यूरॉन से संकेत प्राप्त करता है?

Ans A). कोशिका पिंड (Cell Body) B). डेंड्राइट (Dendrite) C). तंत्रिकाय (Cyton) D). तंत्रिकाक्ष (Axon)

Correct Answer: B

Q.52 पृथ्वी के परितः ग्रहीय पवनें भूमध्य रेखा और ध्रुवों के बीच विशिष्ट पवन पट्टियां बनाती हैं, इसका मुख्य कारण क्या है?

Ans A). असमान सौर तापन और पृथ्वी का घूर्णन B). प्रायः ज्वालामुखीय उद्गार जिससे वायु की गति में परिवर्तन होता है C). मुख्य रूप से शहरों के दैनिक तापमान में परिवर्तन D). वायुमंडल के प्रभाव से अप्रभावित महासागरीय धाराएँ

Correct Answer: A

Q.53 निम्नलिखित में से किस स्थिति में स्थितिज ऊर्जा में वृद्धि होती है?

Ans A). एक पुस्तक को उठाकर ऊंचे शेल्फ पर रखना B). एक पुस्तक को जल में रखना C). एक पुस्तक को फर्श पर गिराना D). एक पुस्तक को टेबल पर सरकाना

Correct Answer: A

Q.54 एक ब्लॉक P को एक ऐसे बड़े ब्लॉक Q के ऊपर रखा गया है, जो कि प्रारंभ में एक चिकनी क्षैतिज सतह पर विरामावस्था में है। ब्लॉक Q को अचानक क्षैतिज रूप से खींचा जाता है, जिससे P, Q के सापेक्ष पीछे की ओर फिसलता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans A). ब्लॉक Q के आगे की ओर त्वरित होने के कारण ब्लॉक P अतिरिक्त जड़त्व प्राप्त कर लेता है।

B). ब्लॉक P एक पश्चगामी बल का अनुभव करता है जो इसे ब्लॉक Q से दूर धकेलता है।

C). ब्लॉक P, जड़त्व के कारण विराम अवस्था में बना रहता है जबकि ब्लॉक Q आगे की ओर गति करता है।

D). ब्लॉक P पीछे की ओर फिसलता है क्योंकि गुरुत्वाकर्षण गति के विपरीत कार्य करता है।

Correct Answer: C

Q.55 एक निश्चित मात्रा वाले विलायक में अधिक विलेय मिलाने पर विलयन की सांद्रता में क्या परिवर्तन होता है?

Ans A). अधिक विलेय मिलाने पर विलयन कम संतृप्त हो जाता है। B). सांद्रता बढ़ जाती है क्योंकि विलायक के समान आयतन में अधिक विलेय उपस्थित होता है।

C). सांद्रता घट जाती है क्योंकि विलायक की मात्रा अपरिवर्ती रहती है। D). सांद्रता समान बनी रहती है क्योंकि विलायक में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

Correct Answer: B

Q.56 भिन्न-भिन्न क्वथनांक वाले दो मिश्रणीय द्रवों के मिश्रण को पृथक करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans A). चुंबकीय पृथक्करण B). निस्यंदन C). प्रभाजी आसवन D). निस्तारण

Correct Answer: C

Q.57 किस अणु में त्रि-सहसंयोजी आबंध होता है?

Ans A). कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) B). नाइट्रोजन गैस (N_2) C). आक्सीजन गैस (O_2) D). जल (H_2O)

Correct Answer: B

Q.58 यदि आवृत्ति को अपरिवर्ती रखा जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सी राशि ध्वनि की चाल के अनुक्रमानुपाती होती है?

Ans A). आयाम B). तरंगदैर्ध्य C). आवृत्ति D). प्रबलता

Correct Answer: B

Q.59 एक विद्यार्थी दावा करता है, कि यदि किसी ध्वनि तरंग का आवर्तकाल 0.01 s है, तो उसकी आवृत्ति 0.005 s आवर्तकाल वाली तरंग की आवृत्ति से कम होनी चाहिए। क्या आवृत्ति और आवर्तकाल के संबंध के आधार पर यह कथन सही है?

Ans A). हां, क्योंकि आवर्तकाल बढ़ने पर आवृत्ति घटती है। B). नहीं, आवृत्ति समान बनी रहती है। C). नहीं, क्योंकि आवर्तकाल बढ़ने पर आवृत्ति बढ़ती है।

D). नहीं, आवृत्ति और आवर्तकाल के बीच कोई संबंध नहीं है।

Correct Answer: A

Q.60 किसी रोगी के वे ऊतक क्षतिग्रस्त हो गए है, जो शरीर को आधार प्रदान करते हैं और जोड़कर रखते हैं, लेकिन उसकी पेशियां और तंत्रिकाएं प्रभावित नहीं हैं। संरचनात्मक आधार को पुनर्स्थापित करने के लिए किस प्रकार के ऊतक की मरम्मत करने की आवश्यकता है?

Ans A). उपकला ऊतक B). तंत्रिका ऊतक C). पेशी ऊतक D). संयोजी ऊतक

Correct Answer: D

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प बेंजीन की आणविक संरचना का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans A). एक षट्कोणीय वलय जिसमें वैकल्पिक कार्बन द्विबंध होते हैं B). केवल तीन कार्बन परमाणुओं से बनी एक रैखिक हाइड्रोकार्बन श्रृंखला

C). एक संतृप्त खुली श्रृंखला वाला यौगिक जिसमें एक पंक्ति में चार कार्बन परमाणु होते हैं D). अनियमित सहसंयोजक बंध दिखाने वाली एक अव्यवस्थित कार्बन श्रृंखला

Correct Answer: A

Q.62 कार्बन का कौन-सा अपररूप अपनी संरचना के कारण विद्युत का चालन करता है?

Ans A). फुलेरीन B). ग्रेफाइट C). हीरा D). चारकोल

Correct Answer: B

Q.63 एक तानित रबर बैंड में उसकी बदली हुई आकृति के कारण कौन-सी ऊर्जा होती है?

Ans A). ध्वनि ऊर्जा B). प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा C). ऊष्मीय ऊर्जा D). गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा

Correct Answer: B

Q.64 किसी रोगी को फुप्फुस विकार है जिससे वायुकोष में ऑक्सीजन अंतर्ग्रहण कम हो जाता है। फुप्फुस में रक्त परिवहन पर इसका सबसे संभावित प्रभाव क्या है?

Ans A). फुप्फुस शिराओं में रक्त में कम ऑक्सीजन प्रवेश करती है B). फुप्फुस धमनी सामान्य से अधिक ऑक्सीजन वहन करती है

C). फुप्फुस शिराओं में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड संचयित हो जाता है D). ऑक्सीजन अंतर्ग्रहण बढ़ाने के लिए रक्त प्रवाह तेज हो जाता है

Correct Answer: A

Q.65 अमीबा में पोषण किस प्रकार होता है?

Ans A). भोजन परिग्रहण करता है और खाद्य धानी का निर्माण करता है B). झिल्ली के छिद्रों के माध्यम से भोजन अवशोषित करता है C). प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन उत्पादन करता है

D). शरीर के बाहर भोजन का पाचन करता है

Correct Answer: A

Q.66 एक पादप मुख्य रूप से जल में उगता है और उसका शरीर वास्तविक जड़ों, तनों और पत्तियों में विभेदित नहीं होता है। यह किस समूह से संबंधित है?

Ans A). टेरिडोफाइटा B). ब्रायोफाइटा C). थैलोफाइटा D). जिम्नोस्पर्म

Correct Answer: C

Q.67 पहाड़ी ढलानों पर शीतलन की दर, रात्रि में स्थानीय पवनों के निर्माण को किस प्रकार प्रभावित करती है?

Ans A). तीव्र शीतलन के कारण वायु घाटी से ऊपर की ओर उठती है B). ढलानों पर तीव्र शीतलन से सघन वायु का निर्माण होता है जो घाटी में प्रवाहित होती है
C). ढलानों पर मंद शीतलन से वायु पहाड़ के ऊपर स्थिर रहती है D). मंद शीतलन के कारण गर्म वायु पहाड़ी ढलानों पर ऊपर उठती है

Correct Answer: B

Q.68 यदि धावन सोडे (washing soda) को आर्द्र वातावरण में खुला छोड़ दिया जाए, तो क्या होगा?

Ans A). धावन सोडा बारीक शुष्क पाउडर में बदल जाएगा B). धावन सोडा तीखी गंध वाली गैस मुक्त करेगा C). धावन सोडा वायु में अपरिवर्तित रहेगा
D). धावन सोडा नमी को अवशोषित कर लेगा और चिपचिपा पिंड बन जाएगा

Correct Answer: D

Q.69 $2\ \Omega$ और $8\ \Omega$ प्रतिरोध वाले दो प्रतिरोधक समानांतर क्रम में संयोजित हैं। संयोजन का तुल्य प्रतिरोध (R_{eq}) कितना होगा?

Ans A). $5.0\ \Omega$ B). $16.0\ \Omega$ C). $1.6\ \Omega$ D). $10.0\ \Omega$

Correct Answer: C

Q.70 क्षारक, जलीय विलयन में आयनों की सांद्रता को किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

Ans A). वे हाइड्रोनियम आयन सांद्रता को बढ़ाते हैं B). वे सोडियम आयन सांद्रता को कम करते हैं C). वे हाइड्रॉक्साइड आयन सांद्रता को कम करते हैं
D). वे हाइड्रॉक्साइड आयन सांद्रता को बढ़ाते हैं

Correct Answer: D

Q.71 एक तैराक, स्ट्रोक के दौरान अपने हाथों से जल को पीछे की ओर धकेलता है और आगे की ओर बढ़ता है। यदि तैराक जल पर 60 N का बल लगाता है, तो जल द्वारा तैराक पर कितना बल लगाया जाता है?

Ans A). 30 N आगे की ओर B). 120 N पीछे की ओर C). 60 N आगे की ओर D). 60 N पीछे की ओर

Correct Answer: C

Q.72 परागण के बाद भी, निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति किसी पुष्पी पादप में बीज निर्माण को रोक देगी?

Ans A). निषेचन के दौरान युग्मक संलयन में विफलता B). पर्ण कोशिका में पर्णहरित उत्पादन का अभाव C). पुष्प द्वारा मकरंद का अत्यधिक उत्पादन
D). दलों में वर्णक निर्माण की अनुपस्थिति

Correct Answer: A

Q.73 जंतुओं में ऑक्सी और अनॉक्सी श्वसन के बीच मुख्य अंतर क्या है?

Ans A). अनॉक्सी श्वसन से अधिक ऊर्जा मुक्त होती है B). ऑक्सी श्वसन ग्लूकोज के बिना होता है C). अनॉक्सी श्वसन ऑक्सीजन के बिना होता है
D). ऑक्सी श्वसन से जंतुओं में लैक्टिक अम्ल का निर्माण होता है

Correct Answer: C

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा स्पष्टीकरण सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है कि 'Sn' टिन का सही प्रतीक क्यों है?

Ans A). पुनरावृत्ति से बचने के लिए इसे यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया है B). इसे टिन की अंग्रेजी वर्तनी के आधार पर चुना गया है C). यह टाइटेनियम के प्रतीक के समान है
D). यह लैटिन नाम 'Stannum' से लिया गया है

Correct Answer: D

Q.75 ऑक्सीजन चक्र में कौन-सी प्रक्रिया, वायुमंडल में प्रत्यक्ष रूप से ऑक्सीजन जोड़ती है?

Ans A). प्रकाश संश्लेषण B). दहन C). श्वसन D). अपघटन

Correct Answer: A

Q.76 एक शिक्षक दो सांगीतिक स्वर बजाता है: स्वर X की आवृत्ति 400 Hz है, और स्वर Y की आवृत्ति 800 Hz है। इनके तारत्व (pitch) के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

Ans A). दोनों स्वरों का तारत्व समान है B). स्वर X का तारत्व स्वर Y से अधिक है C). तारत्व, आवृत्ति से संबंधित नहीं है D). स्वर Y का तारत्व स्वर X से अधिक है

Correct Answer: D

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, द्रव्यमान संरक्षण के नियम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों का कुल द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है। B). रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों का द्रव्यमान तापमान पर निर्भर करता है।
C). रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों के द्रव्यमान में सदैव कमी होती है। D). रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थों के द्रव्यमान में सदैव वृद्धि होती है।

Correct Answer: A

Q.78 एक कार का चाल-समय ग्राफ, 0 s पर 0 m/s से 5 s पर 20 m/s तक बढ़ती हुई एक सीधी रेखा दर्शाता है, फिर 10 s तक 20 m/s से नियत रहता है, और अंत में 15 s पर 0 m/s तक गिर जाता है। कार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans A). 150 m B). 75 m C). 100 m D). 200 m

Correct Answer: D

Q.79 एक नए समस्थानिक में 20 प्रोटॉन, 22 न्यूट्रॉन और 20 इलेक्ट्रॉन हैं। समान तत्व के अन्य समस्थानिकों की तुलना में इसकी द्रव्यमान संख्या इसके रासायनिक व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित करती है?

Ans A). एक भिन्न द्रव्यमान संख्या, इलेक्ट्रॉनों के विन्यास को परिवर्तित कर देती है, जिससे रासायनिक व्यवहार बदल जाता है
B). द्रव्यमान संख्या, इलेक्ट्रॉनों की संख्या निर्धारित करती है, इसलिए समस्थानिक रासायनिक रूप से भिन्न व्यवहार करते हैं
C). द्रव्यमान संख्या, रासायनिक व्यवहार को प्रभावित नहीं करती है क्योंकि रासायनिक गुणधर्म मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनों की संख्या पर निर्भर करते हैं
D). उच्च द्रव्यमान संख्या सदैव समस्थानिक को समान तत्व के अन्य समस्थानिकों की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील बनाती है

Correct Answer: C

Q.80 नर जनन तंत्र में शुक्रवाहिका का मुख्य कार्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans A). टेस्टोस्टेरोन का स्राव करना B). शुक्राणुओं का परिवहन करना C). शुक्राणु उत्पन्न करना D). शुक्राणुओं को पोषण प्रदान करना

Correct Answer: B

Q.81 एक अवतल दर्पण उस बिंब का वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है जिसे दर्पण से 30 cm की दूरी पर रखा गया है। दर्पण का वक्रता केंद्र, ध्रुव से 40 cm पर है। प्रतिबिंब कहाँ बनेगा?

Ans A). + 12 cm B). + 60 cm C). - 60 cm D). - 12 cm

Correct Answer: C

Q.82 20 kg द्रव्यमान की एक गाड़ी, विरामावस्था से चलना शुरू करती है और एक सीधे क्षैतिज पथ पर एकसमान रूप से त्वरित होती है। यदि वह 3 सेकंड में 6 m/s की चाल प्राप्त कर लेती है, तो इस समय अंतराल में गाड़ी पर किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). 180 J B). 360 J C). 120 J D). 720 J

Correct Answer: B

Q.83 किसी परमाणु के नाभिक में न्यूट्रॉन का योग होने पर इनमें से कौन-सा परिवर्तन देखा जाता है?

Ans A). न्यूट्रॉनों का योग होने से परमाणु क्रमांक बढ़ता है, लेकिन द्रव्यमान संख्या नहीं बढ़ती है B). न्यूट्रॉनों का योग होने से द्रव्यमान संख्या बढ़ती है, लेकिन परमाणु क्रमांक नहीं बढ़ता है C). न्यूट्रॉनों का योग होने से परमाणु का आवेश परिवर्तित हो जाता है D). न्यूट्रॉनों का योग होने से परमाणु एक अलग तत्व में परिवर्तित हो जाता है

Correct Answer: B

Q.84 कोई साइकिल चालक विरामावस्था से चलना शुरू करता है और नियत बल के साथ पैडल मारता है, जिससे उसका वेग अपरिवर्ती दर से बढ़ता है। 5 सेकंड के बाद, कौन-सी विशेषता, इस गति के लिए संगत वेग-समय ग्राफ का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करेगी?

Ans A). मूल बिन्दु से ऊपर की ओर बढ़ने वाली एक वक्र रेखा B). समय अक्ष के समानांतर एक क्षैतिज रेखा C). मूल बिन्दु से प्रारंभ होकर ऊपर की ओर ढलान वाली एक सरल रेखा D). मूल बिन्दु से नीचे की ओर ढलान वाली एक सरल रेखा

Correct Answer: C

Q.85 एक जीवविज्ञानी एक ऐसे कशेरुकी की खोज करता है जिसमें क्लोम (gills), पख (fins) और शल्क (scales) होते हैं और जल में प्रजनन करता है। यह किस कशेरुकी समूह से संबंधित है?

Ans A). सरीसृप (Reptile) B). उभयचर (Amphibian) C). स्तनधारी (Mammal) D). मछली (Fish)

Correct Answer: D

Q.86 मनुष्यों में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए मुख्य रूप से कौन-सा हार्मोन उत्तरदायी होता है?

Ans A). वृद्धि हॉर्मोन B). इंसुलिन C). थाइरॉक्सिन D). एड्रिनेलिन

Correct Answer: B

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सी प्राकृतिक परिघटना, सूर्य के प्रकाश का उसके अवयवी वर्णों में विक्षेपण (dispersion) को दर्शाती है, जो कांच के प्रिज्म द्वारा उत्पन्न प्रभाव के समान है?

Ans A). प्रभामंडल (Halo) B). इंद्रधनुष (Rainbow) C). मरीचिका (Mirage) D). तारों का टिमटिमाना (Twinkling)

Correct Answer: B

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन इस बात की पुष्टि करता है कि जब हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, कैल्शियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है तो कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होती है?

Ans A). चूने के पानी को दूधिया बना देने वाली गैस विमोचित होती है B). अभिक्रिया के दौरान तापमान में वृद्धि महसूस की जाती है C). एक रंगहीन गैस क्षिप्र रूप से विमोचित होती है D). विलयन में गैस के बुलबुले दिखाई देते हैं

Correct Answer: A

Q.89 कोई रेलगाड़ी विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और एकसमान त्वरण के साथ 10 सेकंड में 40 m/s का वेग प्राप्त कर लेती है। इस समय अंतराल में वह कितनी दूरी तय करती है?

Ans A). 400 m B). 250 m C). 200 m D). 100 m

Correct Answer: C

Q.90 एक अधातु कक्ष ताप पर ठोस अवस्था में पाई जाती है, द्युतिमय होती है और तापन पर ऊर्ध्वपातन करती है। कौन-सी अधातु, भौतिक गुणों का यह असामान्य संयोजन दर्शाती है?

Ans A). सल्फर B). कार्बन C). फॉस्फोरस D). आयोडीन

Correct Answer: D

Section : **General Awareness**

Q.91 2025 राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अपडेट में एक नई पहल शामिल की गई थी, जिसके अंतर्गत दिसंबर 2025 तक सभी सरकारी स्कूलों के लिए निम्नलिखित में से किसे कार्यान्वित करना अनिवार्य किया गया था?

Ans A). स्वास्थ्य विज्ञान पर अनिवार्य AI पाठ्यचर्या B). राष्ट्रीय स्वास्थ्य डेटाबेस से लिंक किए गए डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड C). अनिवार्य खेल कार्यक्रम D). नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य शिक्षा सहित स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (SHWP)

Correct Answer: D

Q.92 केंद्रीय बजट 2026-27 में, रक्षा अनुसंधान और नवाचार को सुदृढ़ करने के लिए किस संगठन को ₹29,100.25 करोड़ का वर्धित बजट आवंटन प्राप्त हुआ है?

Ans A). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) B). भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) C). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) D). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)

Correct Answer: A

Q.93 जून 2026 में नई दिल्ली में विमोचित कौन-सी पुस्तक, भवाइया (Bhawaiya) के ऐतिहासिक विकासक्रम को व्यवस्थित रूप से रेखांकित करती है और इसके उद्भव एवं विकास पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है?

Ans A). सॉन्ग्स ऑफ बंगाल: फोक ट्रेडिशन्स अनवील्ड (Songs of Bengal: Folk Traditions Unveiled)

B). संस्कृति रत्न भंडार: भौवैयार इतिब्रिटो" (Sanskritir Ratna Bhandar: Bhaowaiyar Itibritto)

C). फेस्टिवल्स एंड फोकवेज ऑफ इंडिया (Festivals and Folkways of India)

D). इकोज ऑफ असम: म्यूज़िकल हेरिटेज (Echoes of Assam: Musical Heritage)

Correct Answer: B

Q.94 8 मार्च को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की आधिकारिक थीम क्या है?

Ans A). नेतृत्व में महिलाएं: अवरोधों को तोड़ना (Women in Leadership: Breaking Barriers)

B). महिलाओं में निवेश : प्रगति में तेजी लाना (Invest in Women: Accelerate Progress)

C). डिजिटल समावेशन के माध्यम से लैंगिक समानता (Gender Equality Through Digital Inclusion)

D). अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई (Rights. Justice. Action. For ALL Women and Girls)

Correct Answer: D

Q.95 रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 8 जुलाई 2026 को चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट (LRGR) पिनाका का सफल उड़ान परीक्षण किया। रॉकेट का परीक्षण उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित न्यूनतम किस मारक क्षमता के लिए किया गया था?

Ans A). 20 km B). 250 km C). 300 km D). 60 km

Correct Answer: D

Q.96 भारत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, 2026 में कब मनाया गया था?

Ans A). 24 अप्रैल B). 25 मार्च C). 23 जून D). 22 मई

Correct Answer: A

Q.97 मई 2026 में, WHO के किस पूर्व मुख्य वैज्ञानिक को रॉयल सोसाइटी का फेलो (Fellow of the Royal Society) चुना गया?

Ans A). इंदिरा हिंदुजा (Indira Hinduja) B). गगनदीप कांग (Gagandeep Kang) C). सौम्या स्वामीनाथन (Soumya Swaminathan) D). टेसी थॉमस (Tessy Thomas)

Correct Answer: C

Q.98 अप्रैल 2026 में पारित, जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026, मुख्यत: निम्नलिखित में से किसे बढ़ावा देने का प्रयास करता है?

Ans A). वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास B). व्यापार करने में सुगमता और जीवन यापन में सुगमता C). न्यायिक सुधार और प्रशासनिक दक्षता D). कर अनुपालन में सुगमता और डिजिटल शासन

Correct Answer: B

Q.99 2026 में भारत के प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया की आधिकारिक यात्रा की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना था। इस यात्रा के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति निम्नलिखित में से कौन थे?

Ans A). प्राबोवो सुबियांतो (Prabowo Subianto) B). फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर (Ferdinand Marcos Jr.) C). जोको विडोडो (Joko Widodo)

D). अनवर इब्राहिम (Anwar Ibrahim)

Correct Answer: A

Q.100 मार्च 2026 में, परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर निकाय के ध्यान केंद्रित करने के दौरान किस वरिष्ठ अधिकारी को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) का महानिदेशक नियुक्त किया गया?

Ans A). चंचल कुमार B). संजय जाजू C). नागराजू मद्दिराला D). अभिषेक सिंह

Correct Answer: D

"